कह कपि हृदय धीर धरु माता । सुमिरु राम सेवक सुखदाता ।।
अब कृतकृत्य भयउ मैं माता । आसिष तव अमोघ बिख्याता ।।
|| Ram Katha 928 - मानस मातोश्री || Mumbai || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 150 | इंदौर, शुक्रवार 08 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



## नहीं रहे जूनियर महमूद, पेट के कैंसर से जंग के बाद दुनिया को कहा अलविदा, फिल्म इंडस्ट्री में शोक

पेट के कैंसर से जंग के बाद बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर रहे जूनियर महमूद ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। देर रात 2 बजे उन्होंने अपनी आखिरी सांस ली।

।। श्रद्धा सुमन समर्पयामि ।।

# हार के कारणों की समीक्षा में जुटी कांग्रेस

## दिल्ली में AICC मुख्यालय में आज शाम अहम बैठक, कमलनाथ होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस इसकी समीक्षा में जुटी है। इसी के तहत आज (शुक्रवार) को शाम 4.30 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) मुख्यालय में अहम बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में तीनों राज्यों के पीसीसी चीफ, पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष मौजूद रहेंगे।**

सूत्रों के मुताबिक, इसमें तीनों राज्यों के लिए नए प्रदेश अध्यक्षों और नेता प्रतिपक्ष के नामों को लेकर भी चर्चा होगी।

कमलनाथ ने प्रत्याशियों से हार-जीत की रिपोर्ट मांगी इससे पहले कमलनाथ ने बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल भी



मौजूद थे। बता दें, PCC चीफ ने विधानसभा चुनाव लड़े सभी पार्टी प्रत्याशियों से चुनाव की पूरी समीक्षा कर वैज्ञानिक ढंग से विश्लेषण करने को कहा है कि वे क्यों हारे और क्यों जीते? सभी प्रत्याशियों से 15 दिसंबर तक अलग-अलग रिपोर्ट भेजने को कहा है। इस रिपोर्ट को AICC को सौंपा जाएगा।

### कमलनाथ के इस्तीफे की खबर आई, 5 मिनट बाद खंडन

गुरुवार देर शाम मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से कमलनाथ के इस्तीफे की खबर आई। कुछ ही देर बाद कांग्रेस ने इसका खंडन किया। कमलनाथ के मीडिया एडवाइजर पीयूष बबेले ने कहा है कि इस्तीफे की खबरें निराधार हैं। उन्होंने इसे लेकर ट्वीट किया।

इससे पहले गुरुवार शाम को मीडिया में खबरें चलीं कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, कांग्रेस की तरफ से किसी ने भी इसकी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की थी।

## गुना में ऑनर किलिंग का मामला

## सगे मामा ने गला दबाकर मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** जिले के राघौगढ इलाके के नारायणपुरा शक्कर कारखाने के खंडहर में मिली युवती की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। युवती के मामा ने ही उसकी हत्या की थी। पूरा का पूरा मामला ऑनर किलिंग के रूप में सामने आया है। युवती किसी युवक से बात करती थी और उससे ही शादी करना चाहती थी। इसी वजह से मामा उसे अपने साथ घर ले गए। वहां भी युवती ने जिद की तो गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को उन्होंने नारायणपुरा में एक खण्डरनुमा कमरे में ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने आरोपी मामा और शव को ठिकाने लगाने में सहयोग करने वाले मामा के भाई को भी गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि 30 नवम्बर को जिले के राघौगढ थाना अंतर्गत नारायणपुरा शक्कर कारखाने में एक खंडहर में 16-20 साल की किसी अज्ञात युवती की लाश पडी होने की सूचना पुलिस को मिली थी। राघौगढ थाने से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और घटना स्थल का निरीक्षण किया। शव का पीएम कराया गया और राघौगढ थाने पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। पुलिस द्वारा अज्ञात लाश की पहचान के प्रयास किए गए। 1 दिसंबर को मृतिका की पहचान सोनम पुत्री चंद्रशेखर भार्गव उम्र 19 साल निवासी ग्राम डोबा थाना राघौगढ, हाल किला मोहल्ला फतेहगढ जिला गुना के रुप में की गई। मृतिका के गुम होने के संबंध में 30 नवंबर को थाना फतेहगढ में गुमशुदगी दर्ज होना ज्ञात होने पर मृतिका सोनम भार्गव की मृत्यु होने की सूचना उसके परिजनों को दी गई।

# मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री कौन होगा?

## शिवराज को बदलने की स्थिति में प्रहलाद का नाम सबसे आगे; विधायक दल की बैठक 10 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बीजेपी में विचार-मंथन का दौर जारी है। भाजपा ओबीसी चेहरे पर विचार कर रही है। यही वजह है कि पार्टी ने नए चुने गए ओबीसी विधायकों की लिस्ट मांगी है।**

बैठक से पहले आज (शुक्रवार) को ऑब्जर्वर की नियुक्ति हो सकती है। भाजपा ने 10 दिसंबर को विधायक दल की बैठक बुलाई है। ऑब्जर्वर इसमें



विधायक दल के नेता यानी सीएम की घोषणा करेंगे।

सूत्रों के अनुसार, आलाकमान मप्र में सीएम को लेकर ओबीसी चेहरे की ओर बढ़ रहा है। शिवराज सिंह चौहान के बदलने की स्थिति में प्रहलाद पटेल का नाम सबसे आगे है। बिल्कुल नया ओबीसी फेस देने पर भी विचार हो रहा है। अगर ओबीसी कार्ड नहीं चला तो ऐसे में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का नाम सीएम की रेस में सबसे आगे होगा। इसके अलावा मध्य प्रदेश में भी डिप्टी सीएम के फॉर्मूले को लागू किया जाएगा।

इधर, दिल्ली में डेरा डाले बड़े नेताओं में प्रहलाद सिंह पटेल, कैलाश विजयवर्गीय और वीडी शर्मा भोपाल लौट आए हैं। बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नाम पर सस्पेंस रविवार को खत्म हो जाएगा। वहीं,मुख्यमंत्री कौन होगा? इस सवाल पर सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि यह तय करना पार्टी का काम है। सीएम शिवराज सिंह शुक्रवार को राघौगढ़ जाएंगे।

# पटरियों पर दौड़ने के लिए इंदौर आ रहा मेट्रो का दूसरा सेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के सीने पर मेट्रो धड़धड़ाने के लिए तैयार है, शहरवासियों को इंतजार है कि कब मेट्रो शुरू हो और वे उसके मजेदार सफर का आनंद ले सकें। सरकार द्वारा तय टाइमलाइन के मुताबिक इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन हो चुका है। तीन कोच सेट के साथ ट्रायल रन किया गया था। अब जनवरी के प्रथम सप्ताह में मेट्रो का अगला कोच सेट आने वाला है। दिसंबर के अंत या जनवरी के पहले सप्ताह में यह कोच वडोदरा के सांगली से इंदौर आ जाएगा।**

मेट्रो कोच के सेट के निरीक्षण के लिए मेट्रो प्रबंधन की टीम इस महीने के अंत तक वडोदरा भी जाएगी। इसके बाद वहां से कोच को इंदौर के लिए रवाना किया जाएगा। मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अप्रैल से जून माह तक गांधीनगर स्टेशन से सुपर कारिडोर पर 5.9 किलोमीटर के हिस्से में टीसीएस चौराहे के पास बने मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू करने की योजना है। ऐसे में उस समय तक शहर में मेट्रो कोच के तीन सेट पहुंच जाएंगे।

**30 अगस्त** : वडोदरा से इंदौर पहुंचे थे मेट्रो के तीन कोच।

**9 सितंबर** : मेट्रो डिपो परिसर में चलाया गया कोच।

**14 सितंबर** : रैंप व वायडक्ट होते हुए प्लेटफार्म पर पहुंची थी मेट्रो।

**30 सितंबर** : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में हुआ मेट्रो का ट्रायल रन।

### सुपर कारिडोर से रेडिसन चौराहे के बीच एलिवेटेड के लिए एजेंसी इस माह होगी तय

मेट्रो के रेडिसन चौराहे से रोबोट चौराहे के बीच पिलर पर सेगमेंट लांचर गर्डर चढ़ाने का काम शुरू हो गया है।रोबोट चौराहे से पलासिया तक मेट्रो के सुपर कारिडोर से रेडिसन चौराहे के बीच वाले एलिवेटेड हिस्से के टेंडर जारी हो चुके हैं। इस महीने एजेंसी तय होने की संभावना है। वहीं रीगल से एयरपोर्ट तक मेट्रो के अंडरग्राउंड हिस्से में मेट्रो के लिए अभी तक एशियन डेवलपमेंट बैंक की टीम तीन से चार बार दौरा कर चुकी है। इसके दस्तावेज भी फाइनल हो गए हैं और जल्द ही इस हिस्से में मेट्रो के निर्माण के लिए टेंडर जारी होंगे।

## स्थायी लोक अदालत अब प्रत्येक गुरूवार को होगी आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिला न्यायालय इन्दौर में लोक उपयोगी सेवाओं की समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाली लोक उपयोगी सेवाओं की स्थायी लोक अदालत के दिन में कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए परिवर्तन किया गया है।जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर श्री मिथिलेश डेहरिया ने बताया कि लोक उपयोगी सेवाओं की स्थायी लोक अदालत जो पूर्व में प्रत्येक शुकवार को आयोजित की जाती थी वर्तमान में प्रत्येक गुरूवार को आयोजित की जायेगी। इन्दौर शहर वासियों को यदि सडक़, जल, मल, विद्युत, प्रकाश, स्वच्छता, नाली, सडक़ परिवहन सेवा, अस्पताल या डिसपेंशरी सेवा से संबंधित कोई शिकायत या परेशानी हो तो ऐसे सभी व्यक्ति धन राशि खर्च किये बिना अपना शिकायत आवेदन जिला न्यायालय में स्थित विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकते हैं। जन उपयोगी लोक अदालत जिला न्यायालय के कक्ष कमांक 28/1 में आयोजित की जाती है।

## जीवन में तनावमुक्ति एवं सकारात्मकता के लिए प्रयास करे

### बिजली कार्मिकों के लिए सहज योग एवं नवसंचार कार्यक्रम आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बिजली सेवा चौबीस घंटे की सेवा है, इसके लिए अन्य विभागों की तुलना में ज्यादा प्रयास भी करने होते है। ऐसे में कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए सहज योग एवं सकारात्मकता के लिए प्रयास भी नितांत आवश्यक है।

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने ये प्रेरक विचार व्यक्त किए। श्री तोमर ने सहज योग शिविर सत्र के समापन एवं नव संचार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि कार्मिकों की तनाव मुक्ति का वातावरण बनाने में इस तरह के आयोजन कारगर साबित होते है। श्री तोमर ने कहा कि इस तरह के रचनात्मक शिविर, मिलन समारोह रीजन एवं सर्कलों पर भी आयोजित किए जाए। उन्होंने कहा कि कार्य के साथ कर्मचारी, अधिकारी परिवार के लिए भी दैनिक आधार पर कुछ समय निकाले। इसके लिए अपने विभागीय कार्य किस समय किए जाए, इसकी प्राथमिकता भी तय करे। इससे समय नियोजन में आसानी होगी। इस आयोजन में मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य, संयुक्त सचिव श्री तरूण उपाध्याय की सराहनीय भूमिका रही।

## इंदौर फिर करेगा मेहमानों का स्वागत, विदेश में बसे 200 एनआरआइ समिट में होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर एनआरआइ फोरम शहर में 17 दिसंबर को एनआरआइ समिट करेगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की पहल पर फोरम ने एक साल पहले प्रवासी दिवस पर हुए आयोजन के करीब एक माह पहले इसी तरह का आयोजन किया था। उसमें करीब 180 प्रवासी भारतीय शामिल हुए थे। कुछ ने आनलाइन वीडियो कान्फ्रेसिंग से जुडक़र भी सुझाव दिए थे। अब एक बार फिर इस आयोजन में करीब 200 प्रवासी भारतीय शामिल होंगे। वे शहर से जुड़ी समस्याओं के निराकरण व शहर हित में किस तरह अपना योगदान दे सकते हैं, इस संबंध में सुझाव व सहयोग के बारे में जानकारी देंगे।**

एनआरआइ के परिवार के सदस्य जो इंदौर में रह रहे हैं, उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए इंदौरवासी किस तरह सहयोग दे सकते हैं, इस पर भी चर्चा होगी। वर्तमान में इंदौर एनआरआइ फोरम से 49 देशों के 800 से ज्यादा अप्रवासी जुड़ चुके हैं। इंदौर में आयोजन में विदेश में बसे इंदौर के प्रवासी भारतीयों के लिए हेल्पलाइन जारी की जाएगी और कम्युनिटी का गठन भी किया जाएगा।

### इंदौर की परंपरा व संस्कृति से एनआरआइ को जोडऩे के प्रयास

आयोजन में विश्व में अपने काम, नाम व पहचान का डंका बजाने वाले प्रमुख प्रवासी भारतीय शामिल होंगे। भाजपा ओवरसीज के प्रमुख डा. विजय चौथाईवाला के शामिल होने की संभावना है। एनआरआइ मेहमानों को इंदौर में मालवी अंदाज में स्वागत-सत्कार किया जाएग। उन्हें इंदौर में किए गए नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। प्रमुख आयोजन रंगपंचमी की गेर, अनंत चतुर्दशी की झांकी जैसे आयोजनों से एनआरआइ को जोडऩे के लिए लाइव लिंक के माध्यम से त्योहार व संस्कृति को दिखाया गया। मकर संक्रांति व चतुर्दशी पर निकलने वाली झांकियों को देखने के लिए प्रवासी भारतीयों को इंदौर में आमंत्रित किया गया।

### इंदौर के ये एनआरआइ होंगे शामिल

जितेन्द्र वैद्य- यूएई में बिजनेस मैन, रोहन अग्रवाल- टोक्यो के आइटी प्रोफेशनल्स, आनंद तिवारी-शिकागो में आइटी बिजनेस मैन, सोनिया बिल्लौरे-स्वीडन में प्रोफेसर व रिसर्चर, राजीव नेमा- अमेरिका में आईटी प्रोफेशनल्स,

### चार सरकारी स्कूलों में तैयार किए स्मार्ट क्लास रूम

इंदौर के एनआरआइ ने गांधीनगर क्षेत्र के नया बसेरा, अन्नपूर्णा सहित शहर के चार सरकारी स्कूलों में अपने खर्च पर स्मार्ट क्लासरूम बनाए। पांच सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम तैयार करने की भी योजना है। इसके अलावा अन्य काम भी हो सकते हैं।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# कालाकुंड की वादियों का सफर कराने वाली हेरिटेज ट्रेन होगी बंद

### पातालपानी कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन में सफर के लिए कम यात्री होने कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल इसका संचालन बंद करने जा रहा है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से 40 किमी दूर महू तहसील में कालाकुंड के ऊंचे पहाड़ों, गहरी खाईयों और झरनों को आनंद उठाने के लिए बारिश में हेरिटेज ट्रेन का संचालन शुरू किया गया था। शुरूआत में ट्रेन को खूब यात्री मिले, लेकिन अब यात्रियों की संख्या कम होने के कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल इसका संचालन बंद करने जा रहा है। 15 दिसंबर से ट्रेन को पूरी तरह से बंद किया जा सकता है। हालाकि आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर दिसंबर तक की बुकिंग दिख रही है, लेकिन ट्रेन को कभी भी बंद करने की घोषणा हो सकती है।**

रतलाम मंडल द्वारा पातालपानी से कालाकुंड के बीच 26 अगस्त से हेरिटेज ट्रेन का संचालन शुरू किया गया था। इस बार ट्रेन महू की अपेक्षा पातालपानी से कालाकुंड के बीच 10 किमी हिस्से में चलाई गई। शुरूआत में ट्रेन का संचालन सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को किया गया, लेकिन यात्रियों की संख्या बढऩे पर ट्रेन को शुक्रवार को भी संचालित किया जाने लगा।

बाद में शुक्रवार का संचालन बंद कर सप्ताह में दो दिन ट्रेन चलाई जा रही है। अब इसकों भी बंद किया जाएगा। ट्रेन की दोनों श्रेणी में यात्री नहीं मिलने के कारण सीटें खाली हैं।



### 2018 में शुरू हुआ संचालन

हेरिटेज ट्रेन का संचालन दिसंबर 2018 में शुरू किया गया था। इसके बाद से प्रतिवर्ष इसका संचालन किया जा रहा है। इस बार महू से पातालपानी के बीच पांच किमी की दूरी कम हो चुकी है और दस किमी के हिस्से में ट्रेन चलाई जा रही है। इसका सामान्य किराया 20 रुपये जबकि विस्टाडोम का 265 रुपये एक तरफ का है।

हेरिटेज ट्रेन को पर्याप्त यात्री नहीं मिल पा रहे है, इसलिए इसी माह की 15 तारीख के आसपास इसका संचालन बंद किया जाएगा। वैसे भी इसबार ट्रेन का संचालन अधिक समय तक किया जा चुका है।

**- रजनीश कुमार, डीआरएम रतलाम मंडल**

# 10 हजार बैठक के कन्वेंशन सेंटर के लिए ढूंढनी होगी नई जमीन

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का सपना टूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **शहर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की इच्छा अनुसार लाए जा रहे कन्वेंशन सेंटर की योजना पानी में जाती हुई नजर आ रही है। 10 हजार बैठक क्षमता वाले कन्वेंशन सेंटर के लिए आईडीए ने एयरपोर्ट के पास जो जमीन तय की है उस पर कानूनी पेंच फंस गया है। यह जमीन सुपर कॉरिडोर पर एयरपोर्ट के पास है।**

आईडीए ने सरकार को चिह्नित जमीन खसरा नंबर 322 और खसरा नंबर 334 का भूउपयोग आवासीय से कमर्शियल और कन्वेंशन सेंटर के लिए करने का प्रस्ताव भेजा। सरकार ने आईडीए द्वारा एयरपोर्ट के समीप सुपर कॉरिडोर पर तय जमीन का उपयोग परिवर्तन करने का यह आवेदन वापस भेज दिया है। सरकार ने कुछ जानकारियां मांगी हैं जिसमें रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक योजना के संबंध में सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी संलग्न करके भेज दिया है।

इसमें कोर्ट का कहना है, योजना में समाहित जमीन का भूमि उपयोग सीधे नहीं बदल सकते हैं। सरकार का कहना है, उपयोग परिवर्तन के लिए की गई जरूरी विधिक प्रक्रिया की जानकारी दें। साथ ही सुप्रीम कोर्ट का आदेश संलग्न कर अवलोकन करने के लिए कहा है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा है, योजना बनने के बाद जमीन का भूमि उपयोग नहीं बदला जाए। अब आईडीए अफसर आदेश को समझने और उसके आधार पर नया प्रस्ताव तैयार करने में लग गए हैं। आईडीए अफसरों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अध्ययन कर रहे हैं। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे। इंदौर में हुए प्रवासी भारतीय सम्मेलन के दौरान दुनियाभर से आए मेहमान ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर के बाहर खड़े रहे थे। सेंटर में जगह कम पड़ जाने की वजह से खूब हंगामा हुआ था और मीडिया में भी इसकी खबरें प्रकाशित हुईं थी। हंगामे के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को माफी मांगनी पड़ी थी। इसके बाद उन्होंने कहा था कि शहर में 10 हजार लोगों के बैठने के लिए कन्वेंशन सेटर बनाया जाएगा और फिर यह योजना शुरू हुई थी। आईडीए के अधिकारियों का कहना है कि अभी वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश और सरकार द्वारा मांगी गई सभी जानकारियों को समझ रहे हैं। पहले यह जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएंगी। जमीन के मामले में आईडीए के पास कई विकल्प खुले हैं।



## नेशनल लोक अदालत 9 दिसम्बर को

**इंदौर**। कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार 9 दिसम्बर को समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ के प्रशासनिक न्यायाधिपति एस.ए. धर्माधिकारी के निर्देशन में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में यह लोक अदालत 9 दिसम्बर (शनिवार) को आयोजित होगी। प्रिंसिपल रजिस्ट्रार एवं सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति खण्डपीठ इंदौर अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि समस्त पक्षकारों एवं अधिवक्तागणों से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्तानुसार उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकृत करायें। इसके लिये मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, ओ.एस.डी/रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार (एम), ज्वाईन्ट रजिस्ट्रार, संबंधित सेक्शन एवं विधिक सहायता अधिकारी, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर से संपर्क कर अपने प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु आवेदन/सूचना दे सकते है। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण होने पर शासन द्वारा अदा की गई कोर्ट फीस वापसी का भी प्रावधान है।

# डिलीवरी बॉय ने की खुदकुशी

## एक महीने पहले ही की थी लव मैरिज, आपसी विवाद बना कारण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बाणगंगा इलाके में रहने वाले एक डिलीवरी बॉय ने जहर खाकर जान दे दी। एक माह पहले ही उसने इलाके में रहने वाली युवती से कोर्ट मैरिज की और उसे अपने घर ले आया। पत्नी से कहासुनी के बीच आपसी कहासुनी के बीच उसने यह कदम उठा लिया। बाणगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को मर्चुरी में भेजा है।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक सचिन पुत्र गोविंद झाला निवासी गोविंद नगर ने गुरुवार शाम अपने घर पर जहर खा लिया। उसे पिता देर शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

रिश्तेदारों ने बताया कि सचिन का इलाके में रहने वाली एक युवती से दो साल से लव अफेयर चला। एक माह पहले वह अपने पिता का घर छोडक़र सचिन के घर आ गई। मामला थाने भी पहुंचा। यहां युवती के पिता ने उसे साथ रखने से मना कर दिया। बाद में थाने से समझौता कर सचिन उसे अपने साथ ले गया और दोनों ने कोर्ट में शादी कर ली। इसके बाद से दोनों के बीच माता-पिता से अलग रहने को लेकर विवाद हो रहा था। सचिन अपने माता-पिता के पास से अलग नहीं होना चाहता था।

### माता-पिता का इकलौता बेटा

सचिन के परिवार में उसकी एक बहन है। जिसकी कुछ समय पहले ही शादी राजस्थान में हुई है। वहीं पिता फल व्यापारी हैं। मां भी इलाके की एक फैक्ट्री में काम करने जाती है। सचिन अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

# युवाओं के लिए 13 दिसंबर को आयोजित होगा रोजगार मेला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए निरंतर रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में 13 दिसंबर को जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में 500 से अधिक युवाओं को नौकरी दिलवाई जाएगी।**

उप संचालक रोजगार पीएस. मण्डलोई बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेला 13 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास) पोलोग्राउन्ड इन्दौर में आयोजित होगा।

मध्य प्रदेश में इस रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे- डीटी इण्डस्ट्रीज, जस्ट डायल, शैफाली बिजनेस सॉल्यूशन, एसडी कन्सल्टेन्ट, व्ही फाईव ग्लोबल (भारतीय एयरटेल), नेत्सुर्प होम केयर, विक्ट्री टर्मिनल, करियर कोच, शाओमी ब्रांड प्रमोटर एवं मेनपॉवर सर्विसेज आदि के लगभग 500 से अधिक विभिन्न पदों जैसे- सेल्स एग्जीक्यूटिव, टेक्नीशियन, टेलीकॉलर, टीम लीडर, सुरक्षा गार्ड, हेल्पर, पेकर आदि के पदों के लिए आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंभिक रूप से चयन करेंगे।

### 18 से 40 साल वाले हो सकेंगे शामिल

इंदौर में रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक शामिल हो सकते हैं। अनपढ़ से लेकर स्नातकोत्तर तक के आवेदकों को अवसर दिया जाएगा। तकनीकी योग्यता वाले आवेदकों भी रोजगार दिया जाएगा। इसके लिए आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियों एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड आदि के प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों साथ लाकर मेले में भाग ले सकते हैं।

# सुनील अवस्थी बने शिक्षा विभाग के जिला खेल अधिकारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिला खेल अधिकारी शिक्षा के पद पर पदोन्नत होकर शासकीय नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल शिक्षक सुनील अवस्थी ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला शिक्षाअधिकारी मंगलेश व्यास एवं सहायक संचालक स्कूल शिक्षा सुषमा वेश्य लिपिक निंगवाल, घनश्याम करौले, राकेश चौधरी, अनिल गुप्ता विंक्रात आखरे भारती जमघड,अनिता भारती शिक्षा विभाग के कर्मचारी और कई व्यायाम शिक्षक मौजूद थे।

# संघ गणवेश का आपत्तिजनक फोटो जारी करना पड़ा भारी

**इंदौर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पहनावे के साथ फेसबुक अकाउंट पर आपत्तिजनक फोटो शेयर करने वाले रोशन यादव के खिलाफ मल्हारगंज थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता राजपाल जोशी ने अपने शिकायत पत्र में लिखा है कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर यादव ने जो आपत्तिजनक फोटो शेयर की है उससे संघ की छवि को धूमिल करने के साथ सामाजिक समरसता और सौहार्द बिगाडऩे की साजिश है। शिकायतकर्ता का कहना है कि सामाजिक समरसता और सौहार्द के ताने बाने को ध्वस्त करती हुई इस पोस्ट को देखकर भावनाएं आहत हुई है। समाज के बीच विवाद उत्पन्न करने के लिए सोची समझी घिनौनी साजिश के तहत ये पोस्ट सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही है।

# इंदौर में 92 लड़े, 9 जीते 73 की जमानत जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधानसभा चुनाव 2023 में महू से कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त हुई है। ऐसा पहली बार हुआ है। दो निर्दलीय प्रत्याशी भी जमानत बचाने में सफल रहे। इंदौर जिले की नौ सीटों पर 92 प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया था, जिसमें से 73 की जमानत की जमा राशि अब निर्वाचन आयोग की हो गई है। चुनाव लड़ने से पहले सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को दस हजार तो अजा-अजजा वर्ग के प्रत्याशी को पांच हजार रुपए जमानत राशि जमा करानी होती है। महू विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा से लाकर रामकिशोर शुक्ला को टिकट दिया, जबकि दिग्विजय सिंह चाहते थे कि अंतरसिंह दरबार को फिर मौका दिया जाए। टिकट नहीं मिलने से दरबार बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़े। उनकी जमानत बच गई और शुक्ला तीसरे नंबर पर आए और उनकी जमानत जब्त हो गई। मालूम हो, निर्वाचन नियमों के हिसाब से कुल मतदान में नोटा हटाने के बाद प्रत्याशी को कम से कम 1/6 वोट लाना अनिवार्य है। महू में कुल 2 लाख 18 हजार 877 वोट डले, जिसमें से नोटा के 1553 घटाने के बाद प्रत्याशियों को कम से कम 36 हजार 220 वोट लाना जरूरी थे, लेकिन शुक्ला को 29144 वोट ही मिले। इससे उनकी जमानत जब्त हो गई। दरबार को 68 हजार 597 वोट मिले। देपालपुर में भाजपा से बागी होकर राजेंद्र चौधरी निर्दलीय चुनाव लड़े। वहां 2 लाख 19 हजार 971 वोट गिरे, जिसमें 1151 नोटा को मिले। जमानत बचाने के लिए 36 हजार 470 वोट आवश्यक थे। चौधरी को 37 हजार 920 वोट मिले। इससे उनकी जमानत बच गई। जिले के 92 प्रत्याशियों में से 19 की जमानत बच गई तो 73 की जमानत जब्त हुई, जो निर्वाचन आयोग के खाते में जमा है। इनमें करीब 20 अजा व अजजा वर्ग के प्रत्याशी हैं।

# दिग्विजय ने बरैया को मुंह काला करने से रोका

## ◆हाई पॉलिटिकल ड्रामा,सिर्फ काला टीका लगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। गुरुवार को हाई पॉलिटिकल ड्रामा देखने को मिला। कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया अपना मुंह काला करने के लिए राजभवन के लिए निकले। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया और मुंह काला नहीं करने दिया। दिग्विजय सिंह ने बरैया को काला टीका लगाकर उनका वचन पूरा कराया।



फूल सिंह बरैया दतिया जिले की भांडेर सीट से विधायक का चुनाव जीते हैं। चुनाव से पहले उन्होंने दावा किया था कि अगर भाजपा की मध्यप्रदेश में 50 सीट भी आती हैं तो वे अपना मुंह काला करेंगे। विधानसभा चुनाव में भाजपा को 230 सीट में से 163 सीट मिली। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर बरैया को अपना वचन निभाने की नसीहत दी जा रही थी।

### बरैया के ऐलान पर पुलिस भी अलर्ट रही

दो दिन पहले कांग्रेस नेता बरैया ने घोषणा की थी, कि 7 दिसंबर की दोपहर 2 बजे वे राजभवन के सामने खुद का मुंह काला करेंगे। जिसके बाद से राजधानी की पुलिस पहले से ही अलर्ट थी। पुलिस ने रोशनपुरा चौराहे के सामने बैरिकेडिंग कर बरैया को रोकने की तैयारी की थी। राजभवन जाने वाली सड़क को भी बंद कर दिया गया था।

### बरैया समर्थक ने किया था अपना मुंह काला

ग्वालियर में फूल सिंह बरैया के समर्थन में किसान कांग्रेस के नेता योगेश दंडोतिया ने अपना मुंह काला कर लिया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा था, हमारे नेता फूल सिंह बरैया को मुंह काला करने की जरूरत नहीं है, इसीलिए मैंने अपना मुंह काला कर लिया।

### बरैया ने कभी मध्यप्रदेश में बसपा को खड़ा किया था

फूल सिंह बरैया दो दशक पहले बसपा के कद्दावर नेता थे। बसपा से विधायक भी रहे। प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए मध्यप्रदेश में बसपा को खड़ा करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। वे बसपा प्रमुख मायावती के सबसे भरोसेमंद लोगों में से एक थे।बाद में बसपा से नाराज होकर उन्होंने समता समाज पार्टी का दामन थामा। कुछ दिनों बाद उन्होंने भाजपा की भी संगत की। बाद में उनका मन भाजपा से ऊब गया तो उन्होंने बहुजन संघर्ष दल बना लिया। इसके बाद वे कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस ने उन्हें 2020 में राज्यसभा प्रत्याशी बनाया था। वे चुनाव हार गए।

# युवक को खंभे से बांधकर पीटा

## कंस्ट्रक्शन साइट से सरिया चोरी के आरोप में कपड़े उतारकर की बर्बरता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार-पीथमपुर। धार जिले के पीथमपुर थाना सेक्टर 1 के अंतर्गत सोशल मीडिया पर एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। युवक के कपड़े उतारकर उसे खंभे से बांध दिया। तीन लोग युवक को थप्पड़ मारते रहे। युवक पर आरोप है कि वह एक कंस्ट्रक्शन साइट से सरिया चुरा रहा था।**

युवक की मारपीट का वीडियो बना कर कुछ लोगों ने उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद थाना प्रभारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मारपीट करने वाले ठेकेदार और उसके तीन अन्य साथियों पर मारपीट की धाराओं में किया का मामला दर्ज किया है।

दरअसल पूरा मामला पीथमपुर के आईसर चौराहे के पास राऊ-पीथमपुर हाईवे का है। यहां हाईवे निर्माण करने वाले एक ठेकेदार ने बुधवार को सरिया चोरी के आरोप में संदीप राज नामक युवक को पकड़ लिया। ठेकेदार और उसके आदमियों ने पीड़ित संदीप राज को खंभे से बांध दिया और उसके कपड़े उतार दिए। उसके साथ बारी-बारी से बेहरमी से पिटाई की।



घटना को देख आसपास के लोग एकत्रित हो गए। ठेकेदार करीब एक घंटे तक अपने कर्मचारियों से मारपीट कराता रहा। थाना सेक्टर 1 के थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने सोशल मीडिया पर आए वीडियो देख कर आरोपियों को पकड़ लिया। ठेकेदार ऋषभ जैन व उसके दो अन्य साथियों पर मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित संदीप राज पर भी चोरी करने का केस दर्ज किया है।

# थाना प्रभारी को गोली मारने की धमकी

## ◆भोपाल के गुंडे ने कहा- बाप कसम जिंदा रहा तो तुझे गोली जरूर मारूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। जिले में एक गुंडे ने थाना प्रभारी को गोली मारने की धमकी दी है। वीडियो जारी कर उसने कहा- बाप कसम जिंदा रहा तो तुझे गोली जरूर मारूंगा। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की धरपकड़ के लिए एक टीम बनाई गई है।**

दोराहा थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने बताया कि जो युवक वीडियो में मुझे जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसका नाम नसीम पिता बने खां निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निशातपुरा भोपाल है। इसके खिलाफ 19 नवंबर को धारा 307 में एक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी फरार चल रहा है। धमकी देने के मामले में दोराहा थाने में धारा 506, 94 के तहत एक और प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम को लगाया गया है। वीडियो में दिख रहा है कि बंदमाश कमर में रिवाल्वर फंसाए हुए है।

### वीडियो बनाकर दी धमकी

थाना दोराहा, जिला सीहोर टीआई को हमारा सीधा चैलेंज। पकड़े गए तो गोली मार देना, नहीं तो मेरे बाप की कसम जिंदा रहा तो तुझे गोली जरूर मारूंगा। पूछ क्यों- तू पुलिसवाला है, हमारी शासन से कोई बुराई नहीं है। मगर तू हमारे छोटे भाइयों को परेशान कर रहा है। उनका कोई लेना-देना ही नहीं है। उस गरीब का तूने मोबाइल रख लिया। कैसे ऑटो चलाकर, मेहनत-मजदूरी कर बेचारे पैसा कमाते हैं। रात-रातभर मेहनत करते हैं, सोचना चाहिए।

# भाजपा कार्यकर्ता की हथेली काटी

## भाजपा कार्यकर्ताओं पर तीन दिन में तीन हमले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। चुनाव परिणाम के बाद शहर में राजनीतिक कार्यकताओं के बीच विवाद हो रहे हैं। अब तीन बड़ी वारदातें हो चुकी हैं। शाहजहांनाबाद में हुई वारदात के बाद कोहेफिजा और 12 नंबर स्टॉप पर भी भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। पहले दो मामलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हो गया है। कोहेफिजा की वारदात पर भी भाजपा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर धारा 307 के तहत केस दर्ज करने की मांग की है।**

भाजपा का आरोप है कि भोपाल उत्तर और भोपाल मध्य विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद विधायकों के समर्थकों ने रंगदारी और उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। हबीबगंज के साईं बोर्ड के पास भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ अरेरा मंडल के महामंत्री देवेंद्र सिंह ठाकुर पर तलवार से हमला कर दिया। इससे उनके बाएं हाथ की हथेली कट गई।

### विधायकों के समर्थक बताए जा रहे आरोपी

मंगलवार रात बदमाशों ने हबीबगंज के साईं बोर्ड के पास भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ अरेरा मंडल के महामंत्री देवेंद्र सिंह ठाकुर पर तलवार से हमला कर दिया। इससे उनके बाएं हाथ की हथेली कट गई। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हमलावर फारूख राइन उर्फ मिन्नी, शाहरुख, असलम, समीर उर्फ बिल्लू और बिलाल भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के समर्थक बताए जा रहे हैं। फारूख उर्फ मिन्नी थाने की गुंडा लिस्ट में है। उधर, मंगलवार रात को ही कोहेफिजा में भाजपा कार्यकर्ता चिंटू शुक्ला पर बदमाशों ने हमला किया। वारदात चिंटू शुक्ला के घर पर हुई। इस मामले के आरोपी भोपाल उत्तर से कांग्रेस विधायक आतिफ अकील के समर्थक बताए जाते हैं।

आलोक शर्मा ने पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा और भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह से चर्चा कर शहर में हो रहीं घटनाओं के बारे में बताया।

### पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर आलोक शर्मा का धरना

इन घटनाओं के विरोध में भोपाल उत्तर से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कोहेफिजा की घटना पर आरोपियों के खिलाफ धारा 307 में प्रकरण दर्ज करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने पुराने शहर में देर रात तक दुकानें खुलने पर आपत्ति जताई। आलोक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस विधायक आतिफ अकील के समर्थकों और बदमाशों द्वारा व्यापारियों और नागरिकों से रंगदारी मांगी जा रही है। पुलिस में शिकायत करने पर सिर्फ मामूली धाराओं में कार्रवाई किए जाने से बदमाशों के हौंसले और बढ़ते जा रहे है।

### क्या कहते हैं विधायक

#### जो झगड़ा करेगा, उस पर कार्रवाई होना चाहिए

व्यक्तिगत विवादों को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। मैंने पुलिस अफसरों को कहा है जो झगड़ा करे, उस पर कार्रवाई होना चाहिए।- आरिफ मसूद, विधायक उत्तर

#### भाजपा के लोग हार की खुन्नस निकाल रहे हैं

भाजपा वाले हार की खुन्नस निकाल रहे हैं। मेरे लिए विधायकी नई बात नहीं। विधायक बनने के बाद समर्थकों द्वारा विवाद की बात गलत है।

**- आतिफ अकील, विधायक मध्य**

# मास्टरमाइंड को पकड़कर 15 मिनट में छोड़ा, अब इनाम

## टेंट हाउस संचालक के हमलावरों की तलाश में 3 टीमें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। टेंट कारोबारी नवाज रियाज को एक ऑडियो भेजकर पहले एक करोड़ की फिरौती मांगी गई। नहीं देने पर तय समय पर एक बदमाश ने गोली मारी, 2 ने तलवार से हमला किया। 3 दिसंबर को हुई घटना के बाद 2 मुख्य आरोपी गिरफ्त से बाहर है। जबकि 3 बदमाश दबोच लिए गए।**

इस बीच सामने आए एक वीडियो में पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। दरअसल, जिस बदमाश आमिर बर्फ पर हमले का मास्टरमाइंड होने का आरोप है, वह घटना के कुछ घंटे बाद ही 12:43 बजे पुरानी जेल परिसर में हो रही काउंटिंग स्थल पर पुलिस को मिल गया। यहां तीन पुलिसकर्मी वीडियो में उससे बातचीत करते दिखाई दिए। करीब 15 मिनट बाद वे उसे बिना गिरफ्तार किए लौट गए। बाद में उसी आमिर को पुलिस ने फरार बताकर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया।

अब दावा किया जा रहा है कि तलैया थाने की 3 टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। 6 से अधिक ठिकानों पर दबिश दी जा चुकी है। बावजूद आमिर पुलिस के हाथ नहीं लगा। यही नहीं कारोबारी पर 5 राउंड फायर करने वाला बदमाश नसीम बन्ने खां भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। वहीं, गंभीर घायल कारोबारी का उपचार जारी है।

### फरार बदमाशों की तलाश में क्राइम ब्रांच भी जुटी

आरोपियों की तलाश में तलैया थाने की तीन टीमों में शामिल 12 पुलिसकर्मी जुटे हैं। सभी को अलग-अलग काम सौंपे गए हैं। वहीं क्राइम ब्रांच की एक टीम भी नसीम और आमिर की तलाश में जुट गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नसीम की लोकेशन ग्वालियर के पास ट्रेस की गई है। पुलिस की एक टीम उनकी तलाश में रवाना है।

## Jharkhand

# कैश ही कैश, गिनने वाली मशीन तक फेल, कांग्रेस सांसद के पास कहां से आया इतना पैसा

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े ठिकानों पर इनकम टैक्स की छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। सांसद के रांची, लोहरदगा और ओडिशा स्थित ठिकानों पर एक साथ की गई छापेमारी में इतना कैश मिला है कि बैंक तक ले जाने के लिए ट्रक की जरूरत पड़ी। बताया गया है कि कैश गिनने वाली मशीन पर भी इतना लोड पड़ा कि उसने काम करना बंद कर दिया। न्यूज एजेंसियों के मुताबिक करीब 150 करोड़ रुपए कैश की गिनती हो चुकी है और अभी करीब आधा कैश गिनना बाकी है। सूत्रों के मुताबिक, कुल कैश करीब 300 करोड़ रुपए के आसपास है।

आयकर सूत्रों का कहना है कि यह राशि ओडिशा के बोलांगीर से बरामद की गई है, जहां धीरज साहू और उनके परिजनों की शराब कंपनी है। बलदेव साहू एंड ग्रुप



ऑफ कंपनीज साहू परिवार की है। कंपनी का ओडिशा में शराब बनाने का करीब 40 साल पुराना कारोबार है। धीरज साहू के पिता बलदेव साहू थे जिनके नाम पर ग्रुप का नामकरण किया गया है। इसमें धीरज साहू के अलावा उनके परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं। हालांकि, 2018 में धीरज साहू ने चुनावी हलफनामे में अपनी संपत्ति 34 करोड़ रुपए ही बताई थी। बुधवार को आयकर टीम ने बौध डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड और इससे जुड़े परिसरों में छापेमारी की थी। बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज, बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड की एक पार्टनरशिप फर्म है। इस ग्रुप के कई कारोबार हैं, जिसमें क्वालिटी बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (आईएमएफएल बोटलिंग), किशोर प्रसाद विजय प्रसाद बिवरेज प्राइवेट लिमिटेड (जो आईएमफल कंपनी की सेल्स एंड मार्केटिंग का काम करती है), बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल हैं। राज्यसभा सांसद धीरज साहू से इस बारे में उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल बंद मिला।

## Maharashtra

## कार सवार ने दूसरे कार सवार का पीछा कर मारी गोली, युवती जख्मी

**अमरावती, (एजेंसी) महाराष्ट्र के अमरावती जिले के दरियापुर पुलिस थाना क्षेत्र के रफत पेट्रोल पंप के पास रात एक कार का पीछा कर रहे दूसरे कार सवार ने दो राउंड फायर कर दी, जिसमें कार में सवार एक युवती और उसके परिजन जख्मी हो गए. बंदूक से कार पर फायर करने वाला कार सवार वहां से फरार हो गया.**

घटना दरियापुर के रफत पेट्रोल पंप के समीप हुई. अमरावती एसएसपी विशाल आनंद द्वारा आज तक को दी गई जानकारी के मुताबिक जख्मी युवती और फायर करने वाले के बीच पिछले कई सालों से बात चल रही थी. घटना के बाद जख्मी युवती को तत्काल दरियापुर की सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया. गोली युवती के कान के पास लगने की वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गई. युवती को अकोला के निजी आइकॉन अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. जिले के अंजनगांव में रहने वाले परिवार कार से अमरावती शहर से दरियापुर के जरिए अंजनगांव जा रहे थे. बीच में ही उनकी कार पंक्चर हुई, यह समझ में आते ही उन्होंने कार का पंक्चर रिपेयर किया और वहां पर आरोपी जिसने फायर की वह उनका पीछा कर रहा था.

## Uttarpradesh

## थोड़ी देर पहले होटल में लिया कमरा, फिर खून से लथपथ मिला प्रेमी जोड़ा

**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी की राजधानी लखनऊ में एक प्रेमी-प्रेमिका खून से लथपथ हालत में होटल के कमरे में मिले जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया. प्रेमी जोड़े की हालत गंभीर बनी हुई है. हालांकि युवती के भाई ने उसके प्रेमी पर हत्या की कोशिश का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है. जानकारी के मुताबिक लखनऊ के कैसरबाग थाना क्षेत्र के होटल मेजबान में युवक-युवती आकर रुके थे. इस दौरान थोड़ी देर बाद ही होटल के कमरे से चीखने-चिल्लाने की आवाज आने लगी. मौके पर होटल स्टाफ ने जब पहुंचकर देखा तो युवक-युवती दोनों खून से लथपथ थे. इसके बाद पुलिस को खबर दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है.

## Rajasthan


## पत्नी साथ नहीं आई तो ससुराल से लौटे पति ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**भरतपुर, (एजेंसी)** भरतपुर जिले के नदबई थाना क्षेत्र के नदबई के नाम खेड़ा गांव में एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार नदबई के नाम खेड़ा निवासी हरीओम अपनी पत्नी निशा को लेने अपने ससुराल घाटा महावन गया था। पत्नी ने कहा कि अभी उसके अपने प्रेक्टिकल चल रहे हैं। उनके खत्म होने के बाद ससुराल आएगी। जिसके बाद हरीओम घर आ गया। पत्नी के साथ नहीं आने से वह तनाव में था। इसी के चलते उसने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने इलाज के लिए हरिओम को जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। नदबई थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सौंप दिया है। केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## खेल

# ICC ने वर्ल्ड कप 2023 फाइनल समेत इन पिच को दी 'औसत रेटिंग' कुल 7 पिच पर सुनाया फैसला

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने वर्ल्ड कप 2023 की कुल 7 पिचों को रेटिंग दी है। इनमें से फाइनल समेत 5 पिच ऐसी है जिसे 'औसत रेटिंग' मिली है, वहीं 2 को 'अच्छी रेटिंग' से नवाजा गया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए फाइनल और कोलकाता के ईडन गार्डन में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल के लिए पिचों को 'औसत रेटिंग' दी है। फाइनल के लिए पिच रेटिंग आईसीसी मैच रेफरी और जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा दी गई थी, जबकि दूसरे सेमीफाइनल के



लिए विकेट की रेटिंग भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ द्वारा की गई थी।

वर्ल्ड कप 2023 फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। भारत को 240 रनों पर रोकने के बाद कंगारुओं ने 43 ओवर में इस टारगेट को चेज कर 6ठीं बार खिताब उठाया था। ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो ट्रेविस हेड रहे थे जिन्होंने 120 गेंदों पर 137 रनों की शानदार पारी खेली थी। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 212 रनों पर रोककर टारगेट को 7 विकेट के नुकसान पर 47.2 ओवर में हासिल कर लिया था।

कुल मिलाकर, टूर्नामेंट में भारत के 11 में से 5 मैचों की पिच को आईसीसी द्वारा 'औसत रेटिंग' दी गई है। फाइनल के अलावा, मेजबान टीम के कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, लखनऊ में इंग्लैंड खिलाफ, अहमदाबाद में पाकिस्तान खिलाफ और चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए मैचों में पिच को औसत रेटिंग दी गई है।

वहीं, वानखेड़े स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप सेमीफाइनल की पिच को 'अच्छी' रेटिंग मिली है। इस्तेमाल की हुई पिच पर खेले गए इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 397 रन बनाए थे, जिसके जवाब में कीवी टीम ने 48.5 ओवर में 327 रन पर सिमट गई थी।

## सिनेमा

## तेजस्वी प्रकाश के वीडियो को ट्रोल्स ने कहा वल्गर, बोले- संस्कारी बहू पर केस होना चाहिए

बिग बॉस सीजन 15 की विनर तेजस्वी प्रकाश का लेटेस्ट लुक उनके फैन्स को पसंद नहीं आया है। वह एक इवेंट में हाई स्लिट गाउन पहनकर पहुंची थीं। पैप्स के अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो पर तेजस्वी को ट्रोल किया जा रहा है। उनके कुछ चाहनेवालों को लग रहा है कि पहली बार तेजस्वी ने इतनी बोल्ड पहनी है और इसमें वह बिल्कुल अच्छी नहीं लग रहीं। तेजस्वी प्रकाश टीवी के दर्शकों के बीच काफी पॉप्युलर हैं। इस बात का सबूत बिग बॉस 15 में मिल चुका है जब दर्शकों ने उन्हें वोट देकर विनर बनाया था। टीवी पर संस्कारी लुक में देखने वाले दर्शक अब उनके बोल्ड लुक से शॉक्ड हैं। एक इवेंट में तेजस्वी ने ब्लैक कलर का वेस्ट हाई स्लिट गाउन पहना था। वह काफी अट्रैक्टिव दिख रही थीं लेकिन कुछ लोगों को उनका लुक पसंद नहीं आया। इस पर उनकी ट्रोलिंग हो रही है। इवेंट में पोज देतीं तेजस्वी के वीडियो पर एक यूजर ने लिखा है, वह तो बहुत एलिगेंट लड़की थी, इसके ड्रेसिंग सेंस को क्या हो गया?



एक ने कमेंट किया है, पहली बार मुझे तेजस्वी की ड्रेस बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगी अफसोस। एक कमेंट है, बेशर्म, पुलिस के पब्लिक में वल्गैरिटी के लिए इन पर केस कर देना चाहिए बच्चे बिगड़ रहे हैं। एक ने लिखा है, उर्फी को सब बदनाम करते हैं, ये देख लो टीवी की एक्ट्रेस संस्कारी रोल करती है। एक ट्रोल ने लिखा है, जैसे-जैसे सक्सेस मिलती जा रही है, वैसे-वैसे कपड़े कम होते जा रहे हैं। क्या पता इतने पैसों का करना क्या है इन लोगों को जब कपड़े ही नहीं खरीदने होते। एक कमेंट है, उसको ऐसे कपड़े कैरी करने के लिए बॉडी लैंग्वेज भी सीखनी चाहिए।

# संपादकीय

## 'इंडिया' गठबंधन के भीतर से भी कड़ी चुनौती

'इंडिया' गठबंधन की सभी वार्ताओं में गांधी परिवार एक कमजोर कड़ी बना हुआ है। कांग्रेस में राहुल और प्रियंका गांधी की कोई भूमिका तय नहीं है। मल्लिकार्जुन खरगे को अखिल भारतीय कांग्रेस के 88वें अध्यक्ष बने बेशक एक साल से ऊपर हो चुका है, लेकिन यह बात फैली हुई है कि किसी भी राजनीतिक फैसले या मंजूरी के लिए वह राहुल गांधी के पास जाते हैं। तो, आखिर कांग्रेस के लिए आगे की राह क्या बचती है? विपक्ष या 'इंडिया' गठबंधन को यथाशीघ्र चुनाव- प्रबंधन के तंत्र, वार्ता के बिंदु और सोशल मीडिया नीति को दुरुस्त कर लेना चाहिए। गठबंधन के सामने सबसे बड़ा सवाल नरेंद्र मोदी का है। क्या मतदाताओं की नजर में संभावित विकल्प बने बगैर मौजूदा प्रधानमंत्री से सवाल करना या उनकी आलोचना करना उचित है? 'इंडिया' गठबंधन के लिए कैच-22 (विरोधाभाषी स्थितियों में फंसना) जैसी स्थिति हो गई है। उन्हें मोदी को कठघरे में भी खड़ा करना है, और अपने बीच से किसी को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर न दिखाने को लेकर उनमें तकरीबन सहमति भी है। इसी तरह जाति जनगणना और आरक्षण के मुद्दों पर राहुल गांधी का खास जोर और धार्मिक कार्यक्रमों में बदलाव लाने के कांग्रेस के प्रयास कुछ ज्वलंत मुद्दे हैं। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन में कई लोग ऐसे हैं, जो जाति जनगणना के मुद्दे पर ज्यादा विचार- विमर्श की जरूरत को मानते हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश में कमलनाथ द्वारा शुरू किए गए हिंदुत्व समर्थक कार्यक्रमों पर भी बात होने की पूरी उम्मीद है। 'इंडिया' गठबंधन को अपनी गतिविधियों के व्यापक प्रबंधन के लिए एक पूर्णकालिक संयोजक की भी जरूरत है, जिस पर सहमति नहीं बन पा रही है। किसी से छिपा नहीं है कि इसके लिए ममता बनर्जी, शरद पवार और नीतीश कुमार इसके कुछ दावेदार हैं, बशर्ते कांग्रेस नेतृत्व (गांधी परिवार और खरगे), उनसे औपचारिक अनुरोध करें। दिक्कत यह है कि कांग्रेस की योजना में संयोजक का पद कुछ अस्पष्ट वजहों से 'अनावश्यक' माना जा रहा है। इन चुनौतियों को देखते हुए ममता, नीतीश और अखिलेश जैसे 'इंडिया' गठबंधन के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस अपनी तरफ से सुलह के कुछ संकेत दे और अनौपचारिक तौर पर गठबंधन का नेतृत्व क्षेत्रीय दलों को सौंपे। यह कड़वी दवा ही कांग्रेस के लिए एकमात्र उपचार है, जिसके लिए वक्त तेजी से खत्म होता जा रहा है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश, इन तीन हिंदी भाषी राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली अप्रत्याशित और अपमानजनक पराजय के बाद कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन के भीतर से भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बमुश्किल 48 घंटों के बाद ही मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख कमलनाथ ने ईवीएम मशीनों के खिलाफ एक सामूहिक मुहिम के लिए जरूरी समर्थन जुटाने हेतु ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और नीतीश कुमार तक पहुंचने की कोशिश की।

### अर्ज़ किया है..!

*शबनम के आँसू फूल पर*
*ये तो वही क़िस्सा हुआ*
*आँखें मिरी भीगी हुई*
*चेहरा तिरा उतरा हुआ*

*-बशीर बद्र*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**"भगवान हमको दिखाई नहीं देता इसलिए वह मूल्यवान है..."**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित करती है सुमन मेडल मेहरा की कहानी

### ऐसे बनी बेसहाराओं की मसीहा



आपने कई लोगों को सड़कों पर बेसहारा देखा होगा, उनकी मदद करने के बारे में सोचा भी होगा। ऐसे में आप किसी बेसहारा को कुछ पैसे या भोजन देकर मान लेते हैं कि आपके अपने कर्तव्यों को पूरा कर लिया है। लेकिन इससे अधिक आप किसी असहाय या बेसहारा या गरीब इंसान के लिए क्या करते हैं? अगर आप सोच में पड़ गए हैं तो राजस्थान की एक महिला की कहानी आपको दूसरों की मदद के लिए प्रेरित करेगी। इस महिला को बुजुर्गों की बेटी कहा जा सकता है। वह हर असहाय, वृद्ध की बेटी है।

### राजस्थान की मददगार बेटी

राजस्थान के हनुमानगढ़ की रहने वाली सुमन मेडल मेहरा हर उस व्यक्ति के लिए मसीहा हैं, जो बीमार है, बेसहारा है और आर्थिक परेशानियों की वजह से अपना सही इलाज नहीं करा सकता है। सुमन हर जरूरतमंद की मां बनकर और हर बुजुर्ग की बेटी बनकर उनकी मदद करती हैं। सुमन बचपन से नर्स बनना चाहती थीं लेकिन जब 13 साल की हुईं तो पारिवारिक कारणों से उनकी शादी करा दी गई।

शादी के बाद उनकी पढ़ाई रुक गई लेकिन उन्हें अपने पति का पूरा समर्थन मिला। आर्थिक परेशानियों के बाद भी उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई पूरी करने के बाद सुमन एक अस्पताल में काम करने लगीं। लेकिन जरूरतमंद लोगों की मदद करने की ख्वाहिश हमेशा बनी रही।

### सुमन मेडल मेहरा ने की शेल्टर होम की शुरुआत

एक बार सड़क पर एक अनजान शख्स को घायल देखकर सुमन ने उसकी जान बचाई। इसके बाद उन्होंने जगह-जगह जाकर ऐसे ही बेसहारा लोगों की मदद करने की ठानी और फिर इसी काम में जुट गईं। सुमन ने न सिर्फ इन लोगों का इलाज किया, बल्कि बुजुर्गों को उनके परिवारों से मिलवाने का काम भी किया। इस दौरान कई लोग ऐसे भी मिले, जिनका इस दुनिया में कोई नहीं था और उनका इलाज सड़कों पर करना संभव नहीं था। ऐसे लोगों के लिए उन्होंने आशियाना बनाने का मन बनाया और राजस्थान में ही 'मानव सेवा आश्रम' नाम' एक शेल्टर होम की शुरुआत की, जिसमें आज 50 से ज्यादा बेसहारा लोग रहते हैं।

## Highlights

- **RBI keeps repo rate unchanged at 6.50% for the fifth time in a row**
- **9 newborns die in West Bengal's Murshidabad in 24 hours, probe on**
- **Adani shares pics of world's largest green energy park; says 'It is visible from space'**
- **India prohibits export of onions till March next year**
- **403 Indian students died abroad in 5 years, most deaths in Canada: Govt**
- **Smriti Irani shares pic of father meeting PM Modi, says 'PTM chal rahi hai'**

# Paytm loses over $1 billion in market value in a day; here's what happened




**AHMEDABAD, (Agency).** The shares of One97 Communications, the parent company of Paytm, dropped 19 percent on Thursday. At the end of the day, the shares nosedived 18.74 percent to close at ₹660.70 on the National Stock Exchange. On the Bombay Stock Exchanges, the shares tumbled 18.69 per cent to end at ₹661.30 a piece.

The bloodbath was precipitated by the company's announcement that it will go slow on loans less than ₹50000 and focus on high-ticket loans. The company said they would focus on the merchant side rather than the consumer side. "We will try to do a lot more there. Our focus now on the calibration of business is on high ticket, slowing down to less than ₹50,000," Paytm's President and Chief Operating Officer Bhavesh Gupta said on Wednesday.

The slump in the share prices erased over 1 billion dollar worth of market value. This is the biggest fall in share prices in two years for the Noida-based company.

After the company announced it will reduce loans below ₹50,000, at least five brokers including Goldman Sachs Group Inc., JPMorgan Chase & Co. and Citigroup Inc. downgraded its ratings, reported Bloomberg.

The Reserve Bank of India in November asked lenders to boost provisions against personal loans and credit card borrowings as these debts are unsecured. The move could hurt consumer spending.

Citigroup's analysts wrote in a note that the move, which helps Paytm acquire customers, could affect the company's medium-term growth potential". It downgraded the stock to neutral from buy.

It also estimated a drop in Paytm's operating profit to the tune of 20 percent for the 2024-2025 fiscal year. It also pointed out that nearly 75 percent of loans of Paytm were under ₹50,000.

# RBI cancels license of UP bank, says 'can't pay its present depositors in full'

**NEW DEIHI, (Agency)** The Reserve Bank of India (RBI) has cancelled the license of Sitapur-based Urban Co-operative Bank in Uttar Pradesh. With effect from Thursday's close of business, the bank will have to cease operations and banking services. RBI has asked the Commissioner and Registrar of Cooperatives, Uttar Pradesh, to issue an order for shutting down the bank and




appointing a liquidator for the bank. The Reserve Bank of India said the bank's license was cancelled due to lack of adequate capital and prospects of earning. It added that the Urban Co-operative Bank had also failed to comply with the sections of the Banking Regulation Act of 1949.

The Reserve Bank of India said the operation of the bank was detrimental to the interests of its depositors, reported ANI. "The bank with its present financial position would be unable to pay its present depositors in full, and the public interest would be adversely affected if the bank is allowed to carry on its banking business any further," RBI said. The RBI has prohibited the bank from any banking, including depositing money and repaying its customers. After the liquidation of the bank, every depositor would be entitled to receive a deposit insurance claim amount of his/her deposits up to a monetary ceiling of ₹5,00,000 from the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation, it said.

# भारत पैट्रोलियम मांगलिया डिपो पर, पुलिस की मॉक ड्रिल

## ◆आपातकालीन परिस्थिति/लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर, कैसे हो सुरक्षा, कराया जीवंत अभ्यास





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है।**

इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा गुरुवार को भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड मांगलिया डिपो इंदौर पर किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई।

इस ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अनिल कुमार मंडराह एवं बीडीडीएस प्रभारी निरीक्षक खालिद मुश्ताक की उपस्थिति में, इंदौर पुलिस एवं बीडीडीएस टीम द्वारा बी पी सी एल मंगलिया डिपो के स्टाफ को भी लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों/लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर, किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया।

सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा द्वारा भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड मांगलिया डिपो इंदौर पर किसी अप्रिय स्थिति में जान माल की सुरक्षा के संबंध में सभी से बात की तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# निर्माणधीन बिल्डिंग की छत से गिरा युवक

## युवक की भी संदिग्ध मौत, परिचित ने पहुंचाया अस्पताल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खुडैल में एक निर्माणधीन मकान की छत से गिरने से युवक की मौत हो गई। वह गुरूवार को ही यहां अपने ठेकेदार के नही आने के चलते काम पर पहुंचा तभी हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने शव को एमवाय भेजा है। पुलिस के मुताबिक अजय पुत्र पोपसिंह निवासी टिकरिया देवास की उंचाई से गिरने से मौत हो गई। बताया जाता है कि वह दिनेश नाम के व्यक्ति के निर्माणधीन मकान जगमाल पिपलिया में काम करने पहुंचा। तभी दोपहर में मजदूर खाना खाने चले गए। वह पहली मंजिल पर काम करने के दौरान सिर के बल नीचे आ गिरा। जिसमें निलेश उसे गंभीर हालत में एमवाय लेकर आया। उपचार के दौरान देर शाम उसने दम तोड़ दिया। परिचितों ने पहुंचाया अस्पताल इंदौर के तेजाजी नगर में मुकेश(50) पुत्र जगदीश शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिचित पुष्पक उन्हें एमवाय लेकर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि शाम को मुकेश के घर पहुंचे ओर वहां से एमवाय ले गए। मुकेश के परिवार में उनकी बेटी ओर दो बेटे है। पुलिस शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के दौरान परिवार के बयान लेगी। वही लसूडिया के सिंगापुर में रहने वाले पवन पुत्र अशोक चौरसिया को भी उनके रिश्तेदार मृत हालत में गुरूवार रात एमवाय लेकर पहुंचे। पुलिस सूचना के मुताबिक शव का पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

# चेन स्नैचिंग की घटना का पर्दाफाश, दो लुटेरे पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **गत दिनों जूनी इंदौर इलाके में हुई चेन स्नेचिंग का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को पकडक़र उनसे लूटी गई चेन व घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन भी जप्त किया है।**

जूनी इंदौर थाने पर 2 दिसंबर को फरियादी लक्की वाधवानी निवासी खातीवाला टैंक इंदौर ने रिपोर्ट लेख कराई थी कि 1 दिसंबर की रात करीब 11.30 बजे मैं वीर सावरकर नगर साँई मंदिर के सामने टहल रहा था तभी मेरे पीछे से एक एक्टीवा गाडी पर सवार दो लडके आये व मेरे गले में पहनी सोने की पुरानी इस्तेमाली चेन खींचकर छीन ली चेन खिंचने से चेन का आधा हिस्सा बदमाश लेकर भाग गये और आधा हिस्सा मेरे गले में ही लटकता रहा। फरियादी की रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुट गई और तलाश के दौरान करीबन 30 से अधिक स्थानों के सीसीटीवी कैमरा खंगाले गये।

आरोपियों की तलाश के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक मुखबिर द्वारा बताया गया कि दो बदमाशों में से एक अमन देवडा निवासी पिपल्याहाना कांकड इन्दौर जैसा दिख रहा है। उक्त संदेही अमन देवडा का आपराधिक रिकार्ड चैक करने पर अमन के विरूद्ध शहर के विभिन्न थानों पर करीब दर्जनभर अपराध दर्ज होना पता चला। जिसे पिपल्याहाना कांकड से पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया व घटना में लूटी सोने की चेन अपने साथी आकाश वास्कले निवासी शांतिनगर, मुसाखेडी इन्दौर के पास रखी होना बताया।


पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों अमन देवडा निवासी पिपल्याहाना कांकड इन्दौर हाल निवासी निलगिरी परिसर ग्राम दुधिया जिला इन्दौर व आकाश वास्कले निवासी शांतिनगर मुसाखेडी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी अमन देवडा से घटना में प्रयुक्त एक दोपहिया वाहन बिना नम्बर प्लेट वाली व आरोपी आकाश वास्कले से घटना में लूटी हुई सोने की चेन बरामद की गई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य वारदातों आदि के संबंध से पूछताछ जारी है।

## कुख्यात पैडलर अब जहरीली शराब के साथ पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चंदन नगर पुलिस ने कुख्यात पैडलर विजय काला को जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वह तीन-चार बार पहले भी ड्रग्स बेचने के मामले में पकड़ा चुका है। अब उसे जेल भेजा जा रहा है। चंदन नगर टीआई इंद्रमणि पटेल ने बताया कि बदमाश सचिन और सुनील को डेढ़ लाख की ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा था। आरोपियों ने कबूला था कि उन्होंने यह माल रामानंद नगर के विजय काला से लिया है। तब से पुलिस उसे तलाश रही थी। गुरुवार को टीम ने दबिश देकर उसे स्कीम-71 से गिरफ्तार किया है।

**मकान तोड़ेगा प्रशासन-** एसीपी नंदिनी शर्मा के अनुसार जेल से छूटने पर यदि वह फिर ड्रग्स सप्लाय करता है तो उसका मकान तोडऩे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, अफसरों ने सभी थाने वालों को निर्देश दिए हैं कि वे भी क्षेत्रीय पार्षदों और रहवासियों के साथ मिलकर नशे के खिलाफ अभियान चलाएं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक